ईवी हादसा : बिजली कंपनी की जांच में सामने आया नया एंगल

- कंपनी ने बताया बैटरी ब्लॉस्ट हुई, चश्मदीदों के बयान अलग
- स्मार्ट मीटर डेटा से खुलासा या बचाव?

नव भारत न्यूज

इंदौर. शहर की ग्रेटर बृजेश्वरी कॉलोनी में बुधवार तड़के हुए भीषण ईवी हादसे को लेकर अब बिजली कंपनी की जांच में नया एंगल निकलकर सामने आया है. इस जांच में बैटरी ब्लास्ट को वजह बताया जा रहा है, जबकि चश्मदीदों के बयान इससे अलग तस्वीर पेश कर रहे हैं. बिजली कंपनी द्वारा स्मार्ट मीटर डेटा के आधार पर तैयार रिपोर्ट ने घटना को लेकर नए सवाल खड़े कर दिए हैं.

जांच से जुड़े बिजली कंपनी के सूत्रों के अनुसार, घटना के समय कार चार्जिंग पर लगी थी, जिसकी पुष्टि स्मार्ट मीटर के डिजिटल रिकॉर्ड से की गई है. कंपनी ने पिछले तीन महीनों के डेटा और मिनट-टू-मिनट खपत का विश्लेषण कर यह निष्कर्ष निकाला है कि ओवरचार्जिंग की स्थिति में बैटरी में विस्फोट हुआ.

ऑटो कट-ऑफ के बाद दोबारा सप्लाई शुरू होने पर हुआ ब्लॉस्ट

बताया गया कि घर में 15 किलोवॉट का स्वीकृत लोड था, जबकि सामान्य उपयोग 2 से 9 किलोवॉट के बीच रहा. कार चार्जिंग शुरू होते ही लोड बढ़ता था, लेकिन ओवरलोडिंग की संभावना कम बताई जा रही है. जांच में यह भी सामने आया कि रात करीब 11 बजे से सुबह 3 बजे तक नियमित चार्जिंग होती थी. हादसे वाली रात ऑटो कट-ऑफ के बाद दोबारा सप्लाई शुरू होने पर कुछ ही देर में धमाका हुआ था. जबकि कुछ प्रत्यक्षदर्शियों के बयान जांच रिपोर्ट से अलग तस्वीर पेश कर रहे हैं. पड़ोसियों ने बताया था कि तड़के 3 बजे के आसपास ही कार से धुआं उठने लगा था और तुरंत लोगों को जगाकर दमकल को सूचना दी गई, लेकिन फायर ब्रिगेड को मौके पर पहुंचने में करीब एक घंटा लग गया था. सूत्रों का यह भी कहना है कि मामले में जिम्मेदारी तय करने को लेकर अंदरखाने खींचतान भी चल रही है. गौरतलब है कि बंगाली चौराहे के पास ग्रेटर बृजेश्वरी कॉलोनी में हुए इस भीषण हादसे में रबर कारोबारी मनोज पुगलिया, उनकी गर्भवती बहू समेत 8 लोगों की मौत हो गई थी, जबकि 4 लोग घायल हो गए थे. आग इतनी तेजी से फैली कि घर में रखे गैस सिलेंडर भी फट गए और डिजिटल लॉक के कारण कई लोग बाहर नहीं निकल सके.

कबूतर पकड़ने छत पर चढ़ा युवक गिरा, हुई मौत

इंदौर. राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र में एक युवक की छत से गिरने से मौत हो गई. बताया जा रहा है कि वह कबूतर पकड़ने के लिए मल्टी की छत पर चढ़ा था, इसी दौरान संतुलन बिगड़ने से नीचे गिर गया.

थाना प्रभारी नीरज बिरथरे ने बताया कि थाना क्षेत्र के बुद्ध नगर में रहने वाला 27 वर्षीय गोकुल पिता कैलाश को गंभीर हालत में परिजन एमवाय अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया. परिजन कमलेश ने बताया कि गोकुल शुक्रवार को अपने एक दोस्त के साथ इलाके की एक मल्टी की छत पर कबूतर पकड़ने गया था. इसी दौरान उसका संतुलन बिगड़ गया और वह अचानक नीचे गिर गया था. गंभीर हालत में उसे तुरंत अस्पताल ले जाया गया, लेकिन रास्ते में उसकी हालत और बिगड़ती चली गई. गोकुल पेशे से ड्राइवर था, साथ ही फ्लेक्स बनाने का काम भी करता था. उसके परिवार में पत्नी और दो छोटे बच्चे हैं. पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर लिया है और घटना के कारणों की जांच की जा रही है. प्रारंभिक जांच में यह हादसा प्रतीत हो रहा है, हालांकि पुलिस सभी पहलुओं की पड़ताल कर रही है.

दो थाना क्षेत्रों में चोरों ने तीन घरों को बनाया निशाना

- ले उड़े लाखों के जेवर और नकदी

नव भारत न्यूज

इंदौर. शहर में चोरी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं. बदमाशों ने दो अलग-अलग थाना क्षेत्रों में तीन मकानों को निशाना बनाते हुए नकदी और जेवरात चोरी कर लिए. पुलिस ने तीनों मामलों में प्रकरण दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है.

पहली घटना जूनी इंदौर थाना क्षेत्र की है. थाना प्रभारी अनिल गुप्ता ने बताया कि थाना क्षेत्र के नंदनवन कॉलोनी स्थित नमक गोदाम के पास जमीला मेंशन में रहने वाले अजीज पिता अली हुसैन हवेलीवाला ने बताया कि उनके फ्लैट में घुसकर चोरों ने अलमारी का लॉकर तोड़ दिया और उसमें रखे सोने के जेवर व नकदी पार कर दी. घटना का खुलासा होने पर फरियादी ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई, जिसके बाद आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं. वहीं भंवरकुआं थाना प्रभारी राजकुमार यादव ने बताया कि थाना क्षेत्र में चोरी की दो अलग-अलग वारदातें सामने आईं. पहला मामला सर्वानंद नगर का है, यहां रहने वाली यशोदा पति मनोज चावला ने बताया कि वह कुछ देर के लिए घर का दरवाजा खुला छोड़कर बाहर गई थी, लौटने पर घर में सामान बिखरा मिला और अलमारी में रखी नकदी गायब थी. सत्यम कॉलोनी में रहने वाली मनमीत पति अमरप्रीत सिंह भाटिया के यहां भी चोरी हुई. मकान मालकिन के बुटिक पर होने के दौरान अज्ञात बदमाश घर में घुसे और अलमारी से नकदी लेकर फरार हो गए. तीनों मामलों में पुलिस का कहना है कि तीनों मामलों में आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से संदिग्धों की पहचान की जा रही है और जल्द ही आरोपियों को पकड़ लिया जाएगा.

एमजीएम में खत्म हुई इंसेंटिव की देरी, 3 करोड़ बकाया भी चुकाया

- आयुष्मान इंसेंटिव होगा अब ऑटो मोड पर
- डॉक्टरों को हर माह होगा सीधा भुगतान
- एमजीएम में नई पारदर्शी व्यवस्था लागू

नव भारत न्यूज

इंदौर. एमजीएम मेडिकल कॉलेज से जुड़े अस्पतालों में आयुष्मान योजना के तहत चिकित्सकों और स्टॉफ को मिलने वाली इंसेंटिव राशि अब हर माह ऑटोमेटेड सिस्टम के जरिए सीधे उनके खातों में

पहुंचेगी. लंबे समय से लंबित भुगतान की समस्या को भी दूर करते हुए पिछले दो माह में करीब 3 करोड़ रुपए का बकाया वितरण कर दिया है, जिससे डॉक्टरों और कर्मचारियों को बड़ी राहत मिली है.

मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. अरविंद घंघोरिया ने बताया कि आयुष्मान योजना के अंतर्गत इलाज करने वाले डॉक्टरों व स्टॉफ के लिए आईसीआईसीआई बैंक के सॉफ्टवेयर के माध्यम से नई व्यवस्था लागू की गई है. इसके तहत वर्ष 2023 और 2024 के लंबित भुगतान भी जारी कर दिए हैं, वहीं अब हर माह इंसेंटिव राशि स्वत: संबंधित खातों में ट्रांसफर हो रही है. उन्होंने यह भी बताया कि पिछले कुछ महीनों में विशेष मेहनत कर सभी पात्र डॉक्टरों, नर्सिंग स्टॉफ, वार्ड बॉय सहित योजना से जुड़े कर्मचारियों का रजिस्ट्रेशन किया गया है. इस प्रक्रिया में आयुष्मान टीम, कोऑर्डिनेटर्स, सुपरवाइजर्स और नोडल अधिकारियों की अहम भूमिका रही.

पूरी तरह पारदर्शी और आसान है सिस्टम...

नई व्यवस्था के तहत डॉक्टरों का इंसेंटिव सीधे उनके खातों में और अस्पतालों का भुगतान संबंधित सुपरिटेंडेंट के खातों में पहुंच रहा है. यह सिस्टम पूरी तरह पारदर्शी और आसान है, जिससे भुगतान में देरी की समस्या खत्म हो गई है, डॉ. घंघोरिया के अनुसार, इस पहल से डॉक्टरों और स्टॉफ का मनोबल बढ़ेगा और आयुष्मान योजना के तहत मरीजों को बेहतर उपचार मिल सकेगा. उन्होंने कहा कि मेडिकल कॉलेज इस योजना को और मजबूत बनाने के लिए लगातार प्रयास कर रहा है, जिससे अधिक से अधिक मरीजों को लाभ मिल सके.

एक नजर में

हर्षोल्लास के साथ मनाई मीठी ईद

महू. शहर में शनिवार को मुस्लिम समाज ने ईद का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया. किशनगंज नाके पर स्थित ईदगाह में सुबह ईद की नमाज अदा की गई. शहर काजी मौलाना जाबिर साहब ने नमाज अदा करवाई और देश में अमन-चैन की दुआ मांगी. इस अवसर पर मौलाना जाबिर साहब ने समाज के लोगों को शांति बनाए रखने और गरीबों की मदद करने का संदेश दिया. इस अवसर पर देश में अमन-चैन और भाईचारे के लिए विशेष दुआ भी मांगी गई. सुबह से ही पूरे शहर में ईद का उल्लासपूर्ण माहौल देखा गया. पत्ती बाजार, टाल मोहल्ला, किरवानी मोहल्ला और हम्माल मोहल्ला क्षेत्रों में ईद मिलन समारोह आयोजित किए गए। इन समारोहों में लोगों ने एक-दूसरे को गले मिलकर ईद की बधाई दी और मीठी सिवइयां व खीर खिलाकर मुंह मीठा कराया. ईदगाह के बाहर समाज बंधुओं को मुबारकबाद देने के लिए कई राजनीतिक दलों के नेता और प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे. इनमें महू एसडीएम राकेश परमार, एडिशनल एसपी रूपेश द्विवेदी, एसडीओपी ललित सिकरवार, तहसीलदार विवेक सोनी, महू थाना प्रभारी राहुल शर्मा, किशनगंज थाना प्रभारी अमित कुमार और यातायात सूबेदार विनोद यादव शामिल थे. छावनी परिषद की ओर से मनीष अग्रवाल और अनिल भाटी भी उपस्थित थे। परिषद ने साफ-सफाई, बिजली और पानी की पर्याप्त व्यवस्था की थी, साथ ही सुरक्षा के लिए पुलिस बल भी तैनात किया गया था.

चाकू मारकर जान से मारने की दी धमकी

इंदौर. पलासिया थाना क्षेत्र में पुरानी रंजिश को लेकर एक युवक पर चाकू से हमला कर दिया। इसमें युवक घायल हो गया है. थाना प्रभारी सुरेन्द्र सिंह रघुवंशी ने बताया कि घटना तारण अस्पताल के सामने हुई. बिनोबा नगर में रहने वाला 20 वर्षीय फरियादी कुणाल ने बताया कि पारसी मोहल्ले में रहने वाले कालू उर्फ कुलदीप बौरासी ने उसे रोका और साथ रहने वाले लोगों को लेकर विवाद करने लगा. विरोध करने पर आरोपी ने गाली-गलौज शुरू कर दी. इस दौरान आरोपी ने जूते में छुपाकर रखा चाकू निकालकर कुणाल पर हमला कर दिया, जिससे उसे पसली और जांघ में चोट आई. आरोपी ने जाते-जाते धमकी दी कि पुलिस में शिकायत करने पर जान से खत्म कर देगा. पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.

अटेंडेंस लगाकर गायब होने वाले डॉक्टरों को कारण बताओ नोटिस

महू. शहर में जहां शासकीय डॉ. अंबेडकर अस्पताल पहले से ही डॉक्टरों की कमी से जूझ रहा है, वहीं, ग्रामीण क्षेत्रों में भी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में डॉक्टरों की अनुपस्थिति का सामना मरीजों को करना पड़ रहा है. हालात इतने बिगड़ चुके हैं कि कई जगह डॉक्टर अटेंडेंस लगाकर गायब हो जाते हैं, तो कहीं-कहीं कई दिनों तक स्वास्थ्य केंद्रों के ताले तक नहीं खुलते. मामले की गंभीरता को देखते हुए बीएमओ डॉ. योगेश सिंगारे ने सख्त रुख अपनाते हुए अनुपस्थित रहने वाले डॉक्टरों और स्टॉफ को कारण बताओ नोटिस जारी किए हैं. जिन्हें नोटिस थमाए गए, उनमें डॉ. इनोसेंट मसीह (प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गवली पलासिया), डॉ. पीयूष तिवारी (प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भगोरा), डॉ. सोनाली बिलोनिया (प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सिमरोल) तथा फार्मासिस्ट संदीप ठाकुर (प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भगोरा) शामिल हैं. बीएमओ डॉ. सिंगारे के अनुसार इन डॉक्टरों और फार्मासिस्ट द्वारा सार्थक एप पर नियमित रूप से चेक-इन और चेक-आउट दर्ज नहीं किया जा रहा था, कई बार निर्देश दिए जाने के बावजूद सुधार नहीं हुआ. जारी नोटिस में स्पष्ट कहा गया है कि समय पर उपस्थिति दर्ज करना सभी शासकीय कर्मचारियों के लिए अनिवार्य है. इसके बावजूद लापरवाही बरतने पर अब वेतन रोकने तक की कार्रवाई की चेतावनी दी गई है. सभी संबंधित डॉक्टरों को 2 दिन के भीतर लिखित स्पष्टीकरण देने के निर्देश दिए गए हैं.

देर रात हेलमेट गोदाम में लगी आग, दो हजार लीटर पानी से बुझी

- दो घंटे की मशक्कत के बाद पाया जा सका काबू
- अग्निकांड में हजारों हेलमेट हो गए जलकर राख

इंदौर. बाणगंगा थाना क्षेत्र के खासगी का बगीचा इलाके में देर रात एक हेलमेट गोदाम में भीषण आग लग गई. आग इतनी तेजी से फैली कि कुछ ही देर में पूरा गोदाम इसकी चपेट में आ गया और अंदर रखा बड़ा स्टॉक जलकर खाक हो गया.

फायर ब्रिग्रेड के एसआई रुपचंद पंडित ने बताया कि रात करीब 11 बजे आग लगने की सूचना फायर ब्रिग्रेड को मिली थी. मौके पर पहुंची टीम ने पाया कि आग पूरे गोदाम में फैल चुकी है. हालात को देखते हुए आसपास के क्षेत्र को खाली कराया गया और तत्काल राहत कार्य शुरू किया. फायर कर्मियों ने करीब 2 घंटे की कड़ी मशक्कत और लगभग 20 हजार लीटर पानी की मदद से आग पर काबू पाया. हालांकि तब तक गोदाम में रखे हजारों हेलमेट पूरी तरह जल चुके थे. फिलहाल आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका है. शॉर्ट सर्किट समेत अन्य संभावनाओं को ध्यान में रखते हुए जांच की जा रही है.

बालगृह की सुरक्षा में सेंध दिव्यांग बालक हुआ गायब

- सुरक्षा में भारी चूक या साजिश?

इंदौर. हीरानगर थाना क्षेत्र स्थित बालगृह से 12 वर्षीय दिव्यांग बालक के गायब होने की घटना ने सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं. आशंका जताई जा रही है कि अज्ञात व्यक्ति उसे बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया. भाग्यश्री कॉलोनी में रहने वाले फरियादी नीता जैन की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है. नीता ने पुलिस को बताया कि परदेशीपुरा स्थित समाज कल्याण परिसर, बालगृह से दोपहर 1 से शाम 5 बजे के बीच 12 वर्षीय बालक गुड्डू लापता हो गया. विशेष निगरानी में रखे जाने वाले बालगृह से एक दिव्यांग बालक इस तरह कैसे बाहर कैसे चला गया. बिना अनुमति किसी बाहरी व्यक्ति द्वारा उसे ले जाना सुरक्षा व्यवस्था में गंभीर खामी की ओर इशारा करता है. थाना प्रभारी सुशील पटेल का कहना है कि मामले में पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर बालक की तलाश शुरू कर दी है. वहीं, मामले में बालगृह प्रबंधन की भूमिका और सुरक्षा इंतजामों की भी जांच की जा रही है.

एक बदमाश जिलाबदर, दूसरे को उल्लंघन करते पकड़ा

इंदौर. शहर में अपराध नियंत्रण के तहत पुलिस प्रशासन ने बदमाशों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए एक शातिर अपराधी को जिलाबदर किया है, वहीं एक बदमाश को जिला बदर आदेश का उल्लंघन करने पर गिरफ्तार किया है.

पहला मामला परदेसीपुरा थाना क्षेत्र का है. थाना प्रभारी आरडी कानवा ने बताया कि शीलनाथ कैम्प में रहने वाला 25 वर्षीय राज उर्फ राज वर्मा को आपराधिक गतिविधियों में लगातार शामिल पाए जाने पर छह माह के लिए इंदौर सहित आसपास के जिलों की सीमाओं से बाहर रहने के आदेश जारी किए हैं. आरोपी पर पहले से कई मामले दर्ज है, जिन्हें देखते हुए उक्त कार्रवाई की गई है. इसी तरह में दूसरी कार्रवाई छत्रीपुरा थाना थाना पुलिस ने की है, थाना प्रभारी सजीव श्रीवास्तव ने बताया कि पुलिस ने जिला बदर घोषित लिस्टेड बदमाश कृष्णा उर्फ किन्ना उम्र 22 साल निवासी समाजवाद नगर को शहर की सीमा में घुसते ही पकड़ लिया. गुंडा चेकिंग के दौरान मुखबिर से सूचना मिलने पर पुलिस टीम ने तकनीकी सहायता से उसकी तलाश की और हीरा नगर क्षेत्र के सुखलिया इलाके में घेराबंदी कर गिरफ्तार किया है. पुलिस ने आरोपी के खिलाफ जिला बदर आदेश के उल्लंघन पर प्रकरण दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू की है.

दो नाबालिग सहित 3 मोबाइल स्नैचर बदमाश धराए

- आरोपियों से 2 लाख से अधिक के मोबाइल बरामद

इंदौर. हीरा नगर पुलिस ने मोबाइल छीनने की वारदातों में लिप्त तीन शातिर बदमाशों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से दो लाख रुपए से अधिक कीमत के मोबाइल फोन बरामद किए हैं. आरोपियों में दो नाबालिग शामिल हैं.

थाना प्रभारी सुशील पटेल ने बताया कि क्षेत्र में लगातार मोबाइल स्नैचिंग की घटनाएं सामने आने के बाद विशेष टीम गठित कर आरोपियों की तलाश शुरू की गई थी. जांच के दौरान तीन बदमाशों को पकड़ा गया है, इनमें से एक बालिग राजवीर पिता गुरजंट सिंह संधू उम्र 19 साल 508 खालसा चौक निरंजनपुर हैं, जबकि दो आरोपी नाबालिग हैं. पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि वे नशे के आदी हैं और इसी लत को पूरा करने के लिए राह चलते लोगों से मोबाइल छीनकर फरार हो जाते थे. बाद में ये मोबाइल सस्ते दामों में बेच दिए जाते थे. पुलिस ने आरोपियों के पास से दो लाख रुपए से अधिक मोबाइल जब्त कर मामला दर्ज कर लिया है. आरोपियों से अन्य वारदातों के संबंध में भी पूछताछ की जा रही है. वहीं अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त राजेश दंडोतिया का कहना है कि गिरोह से जुड़े अन्य मामलों का भी खुलासा होने की संभावना है.

गर्ल फ्रेंड से बात करने पर विवाद में मारपीट कार चढ़ाकर किया जानलेवा हमला

इंदौर. भंवरकुआं थाना क्षेत्र में महिला मित्र से बातचीत को लेकर शुरू हुआ विवाद हिंसक झड़प में बदल गया. युवकों के एक समूह ने छात्र और उसके साथियों के साथ पहले तो मारपीट की, फिर तेज रफ्तार कार से टक्कर मारकर दो युवकों को घायल कर दिया. थाना प्रभारी राजकुमार यादव ने बताया कि घटना देर रात करीब 8 से 8.30 बजे के बीच होल्कर कॉलेज के मेन गेट के सामने सर्विस रोड पर हुई. खंडवा नाका स्थित गणेश नगर में रहने वाले 19 वर्षीय फरियादी प्रियम द्विवेदी ने पुलिस को बताया कि वरुण त्यागी अपने साथियों के साथ आया और महिला मित्र से बातचीत को लेकर विवाद करते हुए गाली-गलौज करने लगा. कुछ देर बाद आरोपी अपने साथियों के साथ बिना नंबर की स्कॉर्पियो और स्कूटी से वापस आया और प्रियम सहित उसके दोस्तों कृष्णपाल, राज पटेल, आकाश बघेल और आनंद विश्वकर्मा के साथ लात-घूंसे से मारपीट की.

तलवार के साथ युवक को पकड़ा

इंदौर. तेजाजी नगर पुलिस ने अवैध हथियार के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक युवक को धारदार तलवार के साथ गिरफ्तार किया है. सब उपनिरीक्षक अंतरसिंह सोलंकी ने बताय कि देर रात करीब 9:30 बजे करबला के पास नायता मुंडला क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए 21 वर्षीय रामविलास जाट निवासी ग्राम गुलास तहसील टिमरनी जिला हरदा, हाल पता नायता मुंडला इंदौर, को पकड़ा. आरोपी के कब्जे से लोहे की धारदार तलवार जब्त की गई.

एक नजर में — ऑनलाइन पेमेंट का झांसा देकर किराना दुकानों को बना रहीं निशाना

शहर में नकाबपोश महिलाओं का गिरोह सक्रिय

इंदौर. इन दिनों बाजारों में बढ़ी भीड़ के बीच शहर में ठगी का नया तरीका सामने आया है. नकाबपोश महिलाओं का एक गिरोह किराना दुकानों पर पहुंचकर ऑनलाइन भुगतान का झांसा दे रहा है और सामान लेकर फरार हो जा रहा है. लगातार सामने आ रही वारदातों से व्यापारियों में चिंता बढ़ गई है.

प्राप्त जानकारी के अनुसार बीती शाम ग्रीन पार्क कॉलोनी स्थित या रसूल्लाह मस्जिद के सामने गरीब नवाज किराना दुकान पर दो महिलाओं ने 4400 रुपए कीमत के तेल के डिब्बे खरीदे. भुगतान ऑनलाइन करने की बात कहकर उन्होंने दुकानदार को उलझाए रखा और रकम खाते में आने की पुष्टि से पहले ही बिना नंबर की स्कूटी से भाग निकलीं. दुकान संचालक गुलाम हुसैन देहलवी ने पुलिस को बताया कि दोनों महिलाओं के चेहरे नकाब से ढंके हुए थे.

जानकारी मिली कि इस वारदात के कुछ देर बाद ही चंदूवाला रोड स्थित आसिफ ट्रेडर्स पर भी इसी तरह की वारदात दोहराई गई. स्थानीय लोगों के मुताबिक खजराना, आजाद नगर, बड़वाली चौकी और जूना रिसाला जैसे इलाकों में भी इसी गिरोह के सक्रिय होने की आशंका है. करीब एक माह पहले भागीरथपुरा में भी ऐसा ही मामला सामने आ चुका है.

पुलिस आई हरकत में...

सूचना मिलते ही पुलिस ने क्षेत्र के सीसीटीवी फुटेज खंगालना शुरू कर दिया है. फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान की कोशिश की जा रही है. अधिकारियों का कहना है कि त्योहारों के दौरान भीड़भाड़ में दुकानदार अक्सर भुगतान की पुष्टि तुरंत नहीं कर पाते, जिसका फायदा उठाकर ऐसे गिरोह वारदात को अंजाम देते हैं. फुटेज के आधार पर जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा.